शास० नवीन कन्या महा विद्यालय
बैकुण्ठपुर

पत्रिका - 21.11.2016

पहल

पत्रिका — 21.11.2016

# एनएसएस ने पण्डो बस्ती में बांटे गर्म कपड़े

**आनंद मेला से मिली राशि से गर्म कपड़े खरीदकर बांटे गए**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बैकुंठपुर. नवीन कन्या कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने ग्राम शंकरपुर(पण्डोबस्ती) में आनंद मेला लगाया। इस दौरान मेला से मिली राशि से गरम कपड़े खरीद कर वितरण किया गया।

नवीन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य अनुराधा पॉल के मार्गदर्शन में एनएसएस की छात्राओं ने ग्राम शंकरपुर(पण्डोबस्ती) में आनंद मेले का आयोजन किया गया। आनंद मेले से मिली राशि से छात्राओं, महाविद्यालयीन स्टाफ ने पण्डो जनजाति के लोगों को 38 कंबल, 35 टोपी, 25 माफलर, 20 हेडफोन टोपा खरीदकर वितरण किया। साथ ही छात्राओं ने अपने-अपने घर से पुराने गरम कपड़े सहित अन्य कपड़े महाविद्यालय में एकत्रित किया। इस अवसर पर छात्राओं, स्टाफ ने गोद ग्राम शंकरपुर (पण्डोबस्ती) में एकत्रित गरम, अन्य कपड़े का वितरण किया। कार्यक्रम में डॉ मनीषा सक्सेना, केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेन्द्र कुर्रे, बिक्की सिंह, ब्रजेश कुमार, खुशनुमा बेगम, सीमा वर्मा, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



पंडो परिवारों को गर्म कपड़ों का किया वितरण

**रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश**

कार्यक्रम अधिकारी डॉ रंजना मैथिल्य कश्यप के नेतृत्व में प्राथमिक शाला शंकरपुर के स्कूल के बच्चों को स्वच्छता और शौचालय के प्रयोग संबंधित जानकारी दी। वहीं 85 छात्राओं के 8 दल ने ग्राम में स्वच्छता रैली निकाली और घर-घर जाकर छात्राओं ने शौचालय, पारिवारिक जानकारी संबंधित सर्वे किया। इस दौरान शौचालय के नियमित प्रयोग की जानकारी दी। इसके अलावा गांव को स्वच्छ रखने, खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए सहयोग मांगा।

Govt. Naveen Girl's College
AISHE C-9716


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)


# शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## गोद ग्राम शंकरपुर में गर्म कपड़ों का वितरण 2016–17










Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## गोद ग्राम शंकरपुर में ग्रामीण परिवारों से सम्पर्क 2016–17









Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शास0 नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## गोदग्राम में स्वच्छता रैली कार्यक्रम 2016–17









Govt. Naveen Girls College
AISHE
C-9716

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

अंबिकावानी 14 जनवरी 18

# स्वामी विवेकानंद जयंती का नवीन कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन




**बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)**/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भाषण के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक व्यक्तित्व को याद किया। इसी के उपलक्ष्य में शनीवार को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के राज्य सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा गोद ग्राम छरछाबस्ती की पाण्डोपारा बस्ती में गरीबों के मध्य निःशुल्क कम्बल व अन्य गर्म वस्त्र वितरित किये गए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पाल द्वारा विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद किया गया। इसके बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप ने बताया कि इसका उद्देश्य गरीबों को सहायता देने के साथ ही विद्यार्थियों के अन्दर समाज सेवा की भावना विकसित करना है। पण्डोपारा बस्ती के सभी निवासी शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के इस आयोजन से अत्यंत हर्षित थे। इस तरह के कार्य यह दशार्ते है शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की ओर निरंतर अग्रसर है। इस आयोजन में महाविद्यालयीन सभी छात्राओं का सहयोग रहा जिसमें गर्म व सामान्य पहनने के कपड़ो को एकत्र किया गया एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा स्वेच्छा दान कर 20 कम्बर खरीदे गये। जिसका वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ0 कामिनी, रितेश गुप्ता, बिपिन सिंह, कु0 ऋचा श्रीवास्तव, कु0 मेघा श्रीवास्तव, ब्रजेश, हेमन्द्र, महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्रीमती मोनिका, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा साथ ही विद्यार्थी कु0 संगीता, कु0 सुमन, कु0 कामिनी, कु0 यशोदा, कु0 अनिता, कु0 किरण, कु0 ज्योति कुल 32 स्वयं सेवकों ने छरछा ग्राम में जाकर कपड़ो का वितरण किया।

32 स्वयं सेवकों ने किया गर्म कपड़ो का वितरण



नईदुनिया 15
बिलासपुर, सोमवार 15 जनवरी 2018

# विवेकानंद जयंती पर गर्म कपड़ों का वितरण



कपड़ा वितरति करते सदस्य।

**बैकुंठपुर। नईदुनिया न्यूज**

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय द्वारा गत दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अनुराधा पाल द्वारा विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भाषण के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक संदेशों को याद किया। इसी के उपलक्ष्य में शनिवार को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के राज्य सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा गोद ग्राम छरछाबस्ती की पाण्डोपारा बस्ती में गरीबों के मध्य निःशुल्क कम्बल व अन्य गर्म वस्त्र वितरित किये गए। इसके बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ रंजना नीलिमा कच्छप ने बताया कि इसका उद्देश्य गरीबों को सहायता देने के साथ ही विद्यार्थियों के अन्दर समाज सेवा की भावना विकसित करना है। पण्डोपारा बस्ती के सभी निवासी शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के इस आयोजन से अत्यंत हर्षित थे। इस तरह के कार्य यह दर्शाते है शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की ओर निरंतर अग्रसर है। इस आयोजन में महाविद्यालयीन सभी छात्राओं का सहयोग रहा जिसमें गर्म व सामान्य पहनने के कपड़ो को एकत्र किया गया एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा स्वेच्छा दान कर 20 कम्बर खरीदे गये। जिसका वितरण किया गयां कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कामिनी, रितेश गुप्ता, बिपिन सिंह, कु ऋचा श्रीवास्तव, मेघा श्रीवास्तव, ब्रजेश, हेमेन्द्र [illegible]

अंबिकावानी 30 जनवरी 2018

# पुण्यतिथि पर बापू को दी गई श्रद्धांजली



**बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)**/ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में प्राचार्य श्रीमती अनुराधा पॉल के नेतृत्व में मंगलवार को में शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम गॉधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी तत्पश्चात गॉधी जी के साथ-साथ समस्त वीर शहीदों का याद करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। महात्मा गॉधी के जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डॉ (सुश्री) रंजना नीलिमा कच्छप, के.जेड. उस्मानी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेन्द्र कुमार कुर्रे, कु0 ऋचा श्रीवास्तव, एच.के. सेन, ब्रजेश कुमार, श्रीमती अनिता अग्निहोत्री, श्रीमती सोनल गुप्ता श्रीमती मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा उपस्थित थे।

शास० नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर  रा०से०योजना नियमित गतिविधि 2017–18


स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं गोद ग्राम पण्डोपारा छरछा बस्ती में गर्म कपड़ों का वितरण









AISHE C-9716

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

विशेष सात दिवसीय शिविर के दौरान ग्राम शंकरपुर मे गर्म कपडे एव अन्य कपड़ों का वितरण

2018-19





2018-19






नई दुनिया

31/1/2021

# राष्ट्रपिता के आदर्शों को अपनाएं



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व छात्राएं • नईदुनिया

बैकुंठपुर (नईदुनिया न्यूज)। भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरु विवि अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डा. अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो एमसी हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 30 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर शहीद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रिजवा नीलिमा कच्छप द्वारा छात्राओं को आनलाईन एवं आफलाइन दोनों माध्यमों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों एवं उनके सिद्धांतों के संबंध में जानकारी दी गई। तत्पश्चात उपस्थित छात्राओं एवं महाविद्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को दो मिनट का मौन धारण कराकर शहीदों को श्रद्धांजलि दिलाया गया। इस अवसर पर डा. कामिनी, रितेश गुप्ता, महेन्द्र कुमार कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह पैकरा आदि शामिल थे।

नवभारत 10 फरवरी 2021

10 फरवरी 2021 बैकुण्ठपुर नवभारत

# रासेयो महिला इकाई ने पंडोबस्ती में गर्म कपड़ों का किया वितरण

• नवभारत न्यूज | बैकुंठपुर.
www.navabharat.news

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो एमसी हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले प्राचार्य व रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रिजवा नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की रासेयो महिला इकाई की छात्राओं व महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा चंदा एकत्रित किया गया. एकत्रित राशि के सहयोग से गर्म कंबल क्रय किया गया इसके साथ ही महाविद्यालय के स्टॉफ व छात्राओं द्वारा अन्य कपड़े भी एकत्रित किये गये. सभी कंबल व एकत्रित कपड़ों के साथ महाविद्यालयीन टीम पहाड़ की तराई में पण्डोबस्ती दुर्गापुर के लोगों से मिलकर कपड़ों का वितरण किया गया साथ ही कोविड-19 के प्रति साफ-सफाई, मास्क पहनकर रहना, दूरी बनाये रखना, बार-बार हाथ को साफ करते रहना आदि संबंधी जागरूकता से अवगत कराया गया. इस कार्य में डॉ. कामिनी, रितेश गुप्ता, महेन्द्र कुमार कुर्रे, विपिन सिंह, सत्येन्द्र सिंह पैकरा व किरणमनि लकड़ा का सराहनीय योगदान रहा तथा स्वयंसेवक के रूप में कु. मोनिका राजवाड़े, कु. मीनाक्षकरण, कु. रीनू, कु. कोमल, कु. सृष्टि, कु. सुषमा कुर्रे, कु. श्वेता, कु. प्रीति यादव ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.



कम्बल वितरण करते

AISHE C-9716 Govt. Naveen Girls College

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## ग्राम दुर्गापुर में कम्बल वितरण












Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)